भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, भोपालपानी,
देहरादून।

संख्याः 1975/ई0निवि0सहई0नीला0/परिणाम/प्र0च0/नैनी0/भू0खनि0ई0/2017–18, दिनांक 20 फरवरी, 2018

कार्यालय ज्ञाप

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, भोपालपानी, देहरादून के ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रण प्रपत्र संख्या 008_Haridwar_Daulatpur Hajratpur Urf Budhwasheed_Bhagvanpur_25.585ha/भू0खनि0ई0/ ई0निवि0सहई0नीला0/2017–18, दिनांक 30 जनवरी, 2018 के द्वारा जनपद हरिद्वार की तहसील भगवानपुर के ग्राम दौलतपुर हजरतपुर उर्फ बुधवाशहीद, **क्षेत्रफल 25.585 हैक्टेयर** के मैदानी क्षेत्रान्तर्गत रिक्त राजस्व क्षेत्र में उपलब्ध उपखनिज (बालू, बजरी, बोल्डर) को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी। उक्त उपखनिज क्षेत्र हेतु तकनीकी ई–निविदा दिनांक 14.02.2018 को खोली गयी थी। उक्त लॉट हेतु अधिकतम निर्धारित मात्रा 562870 टन एवं न्यूनतम निर्धारित मात्रा 281435 टन है। तदोपरान्त उक्त उपखनिज लॉट की वित्तीय निविदा दिनांक 19.02.2018 को खोली गयी।

उक्त उपखनिज खनन लॉट हेतु दिनांक 14.02.2018 को खोली गयी प्रथम चरण की ई–निविदा में 03 निविदादाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। तकनीकी निविदा के मूल्यांकन का परिणाम कार्यालय ज्ञाप संख्या 1948/भू0खनि0ई0/ई0निवि0सहई0नीला0/2017–18, दिनांक 17 फरवरी, 2018 को घोषित किया गया, जिसमें उक्त 03 निविदाकारों की तकनीकी बोली को स्वीकृत करते हुए वित्तीय ई–निविदा बोली दिनांक 19.02.2018 को खोली गयी। प्राप्त ई–निविदाओं का मूल्यांकन करते हुए समिति द्वारा सुसंगत नियमों के अधीन निम्नानुसार संस्तुति प्रदान की गयी है :–

क0 सं0	आवेदक का नाम/निवासी	यूनिक आई/बिडर आई0डी0/पंजीकरण संख्या	आवेदक की वित्तीय बोली
1.	श्री विजय सिंह, वार्ड नम्बर–2, हाट मर्ज श्यामपुर, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून।	31850 M180102100124640	5,62,870 टन
2.	श्री रूपेश कुमार चौहान, निवासी– 2/558 तुलसी नगर पोलीशीट पो0ओ0 काठगोदाम हल्द्वानी, जनपद नैनीताल।	32048 M171227121100437	5,62,870 टन
3.	श्री प्रणव रस्तोगी, निवासी– 53 आर0 राजपुर रोड, जनपद देहरादून।	32173 M180212135907460	5,62,870 टन

जनपद हरिद्वार की तहसील भगवानपुर के ग्राम दौलतपुर हजरतपुर उर्फ बुधवाशहीद, क्षेत्रफल 25.585 हैक्टेयर हेतु प्रथम चरण में ई–निविदा में प्राप्त अधिकतम चाही गयी अंकित मात्रा (नियम 27 ग के उपनियम–11(5))

= 5,62,870.00 टन।

जनपद हरिद्वार की तहसील भगवानपुर के ग्राम दौलतपुर हजरतपुर उर्फ बुधवाशहीद, क्षेत्रफल 25.585 हैक्टेयर हेतु द्वितीय चरण की ई–नीलामी की न्यूनतम बोली धनराशि (Floor price) (नियम 27 ग के उपनियम–11(5))

= 5,62,870 x 70.00 = **रू0 3,94,00,900.00 (रू0 तीन करोड चौरानवें लाख नौ सौ मात्र)**

अतः जनपद हरिद्वार की तहसील भगवानपुर के ग्राम दौलतपुर हजरतपुर उर्फ बुधवाशहीद, क्षेत्रफल 25.585 हैक्टेयर हेतु समिति की उपरोक्त संस्तुति के अनुसार प्रथम चरण की वित्तीय बोली का परिणाम एवं द्वितीय चरण (ई–नीलामी) हेतु न्यूनतम बोली धनराशि **(Floor price) रू0 3,94,00,900.00 (रू0 तीन करोड चौरानवें लाख नौ सौ मात्र)** घोषित किया जाता है। उपरोक्त तालिका में इंगित समस्त (तीन) बोलीदाताओं को ई–निविदा सह ई–नीलामी के द्वितीय चरण (ई–नीलामी) हेतु एतद्द्वारा पात्र घोषित किया जाता है। द्वितीय चरण (ई–नीलामी) हेतु समय सारणी एवं दिशा–निर्देश शीघ्र विज्ञापित किये जायेंगे।

निदेशक